आर.एन.आई. नं.- MPHIN/2015/66655

साप्ताहिक समाचार पत्र

# त्रिकाल दृष्टि

सच का दर्पण

वर्ष-2 अंक-19, भोपाल, सोमवार, 5 जून से 11 जून 2017 पृष्ठ- 8 मूल्य : 3.00 रूपये www.trikaldrishti.com

## संक्षिप्त समाचार

### दार्जिलिंग में GJM का हिंसक प्रदर्शन

दार्जिलिंग। देश के कई राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं. कहीं किसान प्रदर्शन कर रहे हैं, तो कहीं भाषा की राजनीति ने हिंसक रूप ले लिया है. ताजा मामला बंगाल का है जहां ममता बनर्जी के पूरे बंगाल में स्कूलों में बंगाली पढ़ाए जाने को अनिवार्य किए जाने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन हिंसक हो गया है. स्थिति पर नियंत्रण के लिए आर्मी तैनात की गई है.आज 12 घंटे का बंद है. दार्जिलिंग घुमने आए हजारों सैलानी बंद के कारण फंसे गए हैं. दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति पर नियंत्रण के लिए आर्मी की मदद मांगी थी. राज्य सरकार की मांग पर केंद्र सरकार ने आर्मी की दो टुकड़ियां भेजी हैं. ये दोनों टुकड़ियां दार्जिलिंग स्थित सेना के बेस की हैं. हर टुकड़ी में 80 जवान हैं. दूसरी ओर गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है।

### 1 जुलाई से आयकर रिटर्न दाखिल करने और नया पैन बनाने के लिए आधार नंबर जरूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को स्पष्ट किया कि आगामी 1 जुलाई से आयकर रिटर्न दाखिल करने या नया स्थायी खाता संख्या (पैन) हासिल करने के लिए आधार नंबर का उल्लेख करना जरूरी होगा. आयकर विभाग की इस नीति निर्माता संस्था सीबीडीटी ने एक वक्तव्य जारी कर यह स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने फैसले में केवल उन लोगों को आंशिक राहत दी है, जिनके पास आधार नंबर नहीं है, अथवा जिन्होंने आधार में पंजीकरण नहीं कराया है, ऐसे में टैक्स अधिकारी उन लोगों के पैन को निरस्त नहीं करेंगे. सीबीडीटी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में तीन बिंदुओं का स्पष्टीकरण जारी किया है. 1 जुलाई, 2017 से प्रत्येक व्यक्ति जो कि आधार पाने के लिए पात्र है, उसके लिये आयकर रिटर्न दाखिल करने या फिर पैन आवेदन के लिए अपने आधार नंबर का उल्लेख अथवा आधार पंजीकरण संबंधी आईडी नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

### महात्मा गांधी को 'चतुर बनिया' बताने के बाद बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने दी ये सफाई

रायपुर। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी को 'चतुर बनिया' बताने के एक दिन बाद अपने बयान पर सफाई दी है. अमित शाह ने कहा कि सभी जानते हैं कि उन्होंने किस संदर्भ में यह बात कही है. रायपुर में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में अमित शाह से जब पूछा गया कि महात्मा गांधी को लेकर टिप्पणी के बाद कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने उनसे माफी मांगने के लिए कहा है तो इस पर शाह ने कहा कि उन्होंने जिस संदर्भ में कहा है, वह सभी लोगों ने सुना है. शाह ने कहा, सुरजेवाला जी को अभी गांधी जी के बहुत सारे सिद्धांतों का जवाब देना है. उल्लेखनीय है कि अमित शाह ने शुक्रवार शाम रायपुर के मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम में महात्मा गांधी पर टिप्पणी की थी. शाह ने इस दौरान महात्मा गांधी को 'चतुर बनिया' बताया था. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब कांग्रेस की स्थापना हुई तब उसमें सभी विचारधाराओं को मानने वाले लोग थे. कांग्रेस की स्थापना किसी विचारधारा के साथ नहीं हुई थी, बल्कि सभी देश की आजादी के लिए साथ आए थे. अमित शाह ने कहा कि महात्मा गांधी दूरदर्शी होने के साथ ही बहुत 'चतुर बनिया' थे. उन्होंने आजादी के बाद तुरंत कहा था कि कांग्रेस को भंग कर दिया जाना चाहिए. शाह ने कहा, यह काम महात्मा गांधी ने नहीं किया, लेकिन अब कुछ लोग कांग्रेस को भंग करने का काम कर रहे हैं. कांग्रेस ने बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान का विरोध किया. छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया।

# मध्य प्रदेश के 7 जिलों तक फैली हिंसा, किसानों से मिलने मंदसौर जाएंगे आप नेता



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मंदसौर में पुलिस फायरिंग में पांच किसानों की मौत के बाद से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन मालवा इलाके के सात जिलों तक फैल गया. वहीं दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (AAP) का एक प्रतिनिधिमंडल मंदसौर दौरे पर जा रहा है. AAP का कहना है कि वे 10 जून से वे किसानों के हक में देश भर में प्रदर्शन करेंगे. इस बीच नाराज किसानों ने गुरुवार को शाजापुर कृषि मंडी में एक ट्रक और चार मोटर साइकिलों में आग लगा दी. इसके साथ ही आंदोलनकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व (एसडीएम) राजेश यादव से मारपीट भी की, जिससे उनके पैर की हड्डी टूट गई. इसी तरह देवास में एक ट्रक को उपद्रवियों ने आग लगा दी. इस बीच बढ़ती हिंसा के चलते भोपाल-इंदौर मार्ग पर बसों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है. पुलिस इस हिंसा के संबंध में कम से कम 56 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 100 से ज्यादा को हिरासत में लिया गया है. मंदसौर शहर के चार पुलिस थाना इलाकों और जिले में पिपलिया मंडी में शाम चार बजे से छह बजे तक कर्फ्यू में दी गई दो घंटे की ढील शांतिपूर्वक रही. हालांकि इस दौरान कुछ इलाकों में लोगों को प्रदर्शन के लिए उकसाने वाली पर्चियां बांटने की खबर है और पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है.

**पीएम की चुप्पी पर AAP का सवाल:** आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता संजय सिंह ने मंदसौर में किसानों के गुस्से की तरफ दिलाते हुए कहा कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में किसानों के आंदोलन का कारण केंद्र और राज्य सरकारों की किसानों के प्रति 'उदासीनता' है. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'यूरोप, अफगानिस्तान या पाकिस्तान में अगर कोई छोटी सी घटना भी होती है, तो दुनिया में इस पर ट्वीट करने वाले पहले शख्स हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होते हैं. वह सबसे पहले इन पर बोलते हैं, लेकिन, उन्होंने किसानों की मौत पर एक शब्द भी नहीं बोला.' वरिष्ठ आप नेता ने कहा कि एक तरफ किसानों को गोली मार दी गई और दूसरी ओर देश के कृषिमंत्री सलाह देते हैं, 'योग करो, सब कुछ ठीक हो जाएगा.' AAP नेता ने कहा कि बीजेपी योग के सहारे देश में होने वाली हर चीजों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है.

**'मोदी सरकार किसानों को देती है गोली' :** राहुल ने गिरफ्तारी से पहले संवाददाताओं से बातचीत में मोदी सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, 'केंद्र की मोदी सरकार देश के सबसे अमीरों के डेढ़ लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर सकती है, लेकिन किसानों का नहीं. किसानों के कर्ज माफ नहीं करती, उन्हें फसल के सही दाम नहीं देती. मोदी सरकार किसानों को बस गोली देती है.

## हिरासत में लिए गए राहुल

इससे पहले कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी भी मृत किसानों के परिवार से मिलने गुरुवार को मंदसौर आ रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में नीमच के पास ही हिरासत में ले लिया. इलाके में खराब हालात के मद्देनजर प्रशासन ने दौरे की इजाजत नहीं दी थी, लेकिन इसके बावजूद राहुल किसान परिवार से मुलाकात पर अड़े हुए थे. मंदसौर जिला प्रशासन की इजाजत न मिलने पर राहुल, जनता दल यूनाइटेड के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव के साथ हवाई जहाज से उदयपुर पहुंचे और फिर वहां से सड़क के रास्ते मंदसौर के लिए निकल पड़े. इस दौरान उन्होंने पुलिस को चकमा देने के लिए थोड़ी दूर बाइक की भी सवारी की. हालांकि राजस्थान-मध्य प्रदेश सीमा पर स्थित नीमच पहुंचते ही पुलिस ने राहुल को घेर लिया और उन्हें एहतियाती हिरासत में ले लिया.

## सरकार ने कुबूली पुलिस फायरिंग की बात

बता दें कि मध्य प्रदेश में 1 जून से किसानों का आंदोलन चल रहा है. इस बीच मंगलवार को पुलिस फायरिंग में पांच किसानों की मौत ने किसानों के गुस्से को और भड़का है. शुरुआत में पुलिस ने फायरिंग की खबरों से इनकार किया था और कहा था कि उपद्रवियों की गोलीबारी में किसानों की मौत हुई थी. हालांकि अब पुलिस और राज्य सरकार ने पुलिस की तरफ फायरिंग की बात कुबूल ली है. मध्य प्रदेश ने केंद्र को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जब किसान सरकारी संपत्तियों की तोड़फोड़ और आगजनी करने लगे तो पुलिस को उन्हें काबू में करने के लिए फायरिंग करनी पड़ी थी.

## रिश्तों की कड़वाहट के बीच पीएम मोदी ने की नवाज शरीफ से मुलाकात

**अस्ताना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पाकिस्तानी समकक्ष नवाज शरीफ ने गुरुवार रात यहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक-दूसरे का अभिवादन किया. दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में जमी बर्फ, बातचीत में गतिरोध और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर बढ़ती शत्रुता के बीच एक-दूसरे का अभिवादन किया. दोनों नेताओं के बीच 25 दिसंबर 2015 को लाहौर में हुई मुलाकात के बाद दोनों का पहली बार आमना-सामना हुआ है. उस वक्त प्रधानमंत्री मोदी आश्चर्यजनक तरीके से लाहौर पहुंच गये थे. मोदी और शरीफ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए यहां हैं. इस शिखर सम्मेलन में भारत और पाकिस्तान को एससीओ के पूर्ण सदस्य के तौर पर शुक्रवार को शामिल किया जायेगा. सूत्रों का कहना है कि मोदी ने शरीफ से मुलाकात के दौरान उनकी मां और परिवार के बारे में भी पूछताछ की. सूत्रों ने कहा कि मोदी ने शरी से पूछा कि अब कैसी है मां.

**मिलते ही मोदी पूछा-अब कैसी है सेहत :** आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी और शरीफ ने एक-दूसरे का अभिवादन उस समय किया, जब वे अस्ताना ओपरा में स्वागत के लिए लीडर्स लाउंज में थे. इस कार्यक्रम का आयोजन एससीओ की बैठक में हिस्सा लेने के लिए आए नेताओं के स्वागत के लिए किया गया था. एक शीर्षस्थ सूत्र ने बताया कि शरीफ के हृदय की शल्य चिकित्सा के बाद दोनों नेताओं की पहली बार चूंकि आमने-सामने मुलाकात हुई।

## अश्लील वीडियो बनाकर मां को किया ब्लैकमेल, बेटी के साथ किया दुष्कर्म

गुरुग्राम [जेएनएन]। राजेंद्रा पार्क इलाके में एक विधवा महिला एवं उसकी बेटी के साथ कई बार दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी दुष्कर्म का वीडियो बनाकर दोनों को ब्लैकमेल कर रहा था। आरोपी ने मुंह खोलने पर न केवल वीडियो वायरल करने की धमकी दी, बल्कि पूरे परिवार को खत्म कर देने की बात कही। आखिरकार हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने राजेंद्रा पार्क थाने में शिकायत दी। शुक्रवार सुबह राजेंद्रा पार्क इलाके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान दिल्ली के गोकुलपुर निवासी 20 वर्षीय आशीष के रूप में की गई है। आरोपी के पिता दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। पिता का धौंस दिखाकर भी वह महिला व उसकी बेटी को डराता था। बनाया अश्लील वीडियो: मूलरूप से उत्तराखंड की रहने वाली महिला अपने दो बच्चों के साथ राजेंद्रा पार्क इलाके में किराए पर रहती है। वह एक निजी कंपनी में काम करती है। उसके ससुराल के लोग अशोक विहार इलाके में रहते हैं।

# किराना दुकानों पर दूध की मुनाफाखोरी, 17 रुपए का पैकेट 25-30 में

**गांवों से बंदी का दूध बहुत कम आ रहा है। जो ला रहे हैं उनका दूध भी आंदोलनकारी रास्ते में रोककर बहा रहे हैं।**

**इंदौर।** किसान आंदोलन के कारण दूध की किल्लत बनी हुई है। ऐसे समय जनता की मजबूरी का फायदा कई किराना दुकानदार उठा रहे हैं। वे सांची का 17 रुपए वाला पैकेट 25 से लेकर 30 रुपए तक में बेच रहे हैं। इसमें कुछ सांची पॉर्लर चलाने वाले भी हैं। इस तरह दूध के नाम पर अच्छी-खासी मुनाफाखोरी हो रही है। गांवों से बंदी का दूध बहुत कम आ रहा है। जो ला रहे हैं उनका दूध भी आंदोलनकारी रास्ते में रोककर बहा रहे हैं। इसलिए दूध की आपूर्ति काफी हद तक इंदौर दुग्ध संघ पर ही निर्भर है। दुग्ध संघ इस समय पुलिस और प्रशासन की मदद से शहर के अलग-अलग इलाकों में दूध पहुंचा रहा है, लेकिन आंदोलन के कारण कई बार पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में प्लांट पर दूध होने के बावजूद पूरा दूध उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पा रहा है। दूध की इसी कमी का फायदा कई आउटलेट, किराना दुकान संचालक उठा रहे हैं। इस पर न प्रशासन का नियंत्रण है और न ही दुग्ध संघ का।

यहां कर सकते हैं शिकायत : इंदौर दुग्ध संघ के टोल फ्री नंबर 0731-2802535 पर सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक शिकायत की जा सकती है। मोबाइल नंबर: 9406800206, 9425912932, 9425912937, 9425912938 पर भी शिकायत की जा सकती है।

सबूत के साथ शिकायत करें : यदि किसी पॉर्लर या किराना दुकान पर तय कीमत से अधिक में सांची का दूध बेचा जा रहा है तो उपभोक्ता सबूत के साथ इसकी शिकायत कर सकते हैं। वीडियो रिकार्डिंग या फोटो ले सकते हैं। अधिक कीमत लेने वाले पॉर्लर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी एजेंसी खत्म कर दी जाएगी।

### इंदौर नगर निगम की कचरा गाड़ियों में गूंजेगा नया गीत

इंदौर। स्वच्छ भारत अभियान में अग्रणी इंदौर की सफलता पर नायक कलाकार शान ने नया गीत गाया है। अब यह गीत अब निगम की सभी 425 कचरा गाड़ियों में बजेगा। इस नए गीत में शान के साथ पायल देव की भी आवाज है। इस नए गीत की लांचिंग भी हो चुकी है। कुछ ही दिन के भीतर यह गीत गली गली ओर मोहल्ले में गूंजेगा।

### सरकारी खर्च पर रामेश्वरम यात्रा पर जाएंगे 435 वरिष्ठ नागरिक

इंदौर। राज्य शासन की तीर्थ दर्शन योजना के तहत इंदौर जिले के 435 बुजुर्गों को शासकीय खर्च पर रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा। आवेदक की उम्र 60 वर्ष से अधिक होना चाहिए।

## डोम गिरने की घटना की जांच के लिए बनाई समिति

इंदौर। दशहरा मैदान पर नगर निगम के 'प्रणाम इंदौर' कार्यक्रम के दौरान आंधी और बारिश के कारण डोम गिरने की घटना की जांच के लिए राज्य शासन ने समिति गठित की है। जांच समिति के अध्यक्ष संभागायुक्त संजय दुबे होंगे। इनके अलावा एडीजी इंदौर जोन और पीडब्ल्यूडी की मुख्य अभियंता जांच समिति के सदस्य बनाए गए हैं। समिति घटना की जांच कर 15 दिन में शासन को रिपोर्ट पेश करेगी। गौरतलब है घटना में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री वेंकैया नायडू, महापौर मालिनी गौड़ सहित अन्य विधायक सहित कई नेता मंच पर मौजूद थे। घटना में मंच भी गिर गया था जिससे सारे नेता बाल-बाल बचे। हादसे में 40 से अधिक लोग घायल हो हुए थे। इनका उपचार राज्य शासन के खर्च पर किया गया।

### वॉट्सएप पर युवक ने फोटो डाला, गुस्साए एडमिन ने किया हमला

इंदौर। वॉट्सएप ग्रुप के एक एडमिन ने उसके सदस्य पर हमला कर दिया। झगड़े की वजह यह है कि सदस्य ने जन्मदिन की पार्टी के फोटो ग्रुप पर डाल दिए थे। इससे ग्रुप एडमिन नाराज हो गया और उसने मारपीट कर डाली। खजराना पुलिस के मुताबिक, खजराना में रहने वाले गोलू उर्फ मोहसिन खान को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि गोलू वॉट्एसएप पर बने बाबा बवाल नामक एक ग्रुप से जुड़ा हुआ था। उसका एडमिन मोहसिन पटेल है।

## मंदसौर में घायल किसान को अज्ञात बता भर्ती कराया, मौत होने पर भागा सिपाही

इंदौर, नईदुनिया प्रतिनिधि। पुलिस लाठीचार्ज से घायल जिस किसान घनश्याम धाकड़ की मौत एमवायएच में हुई है, उसे सिपाही अजय रावत मंदसौर से लेकर आया था। जब अस्पताल प्रबंधन ने नाम-पता पूछा तो उसने अज्ञात बताया। लाने के कारण के बारे में जब उससे पूछताछ की तो उसने बीमारी कारण बताया था। डॉक्टर ने जब उसे मृत घोषित किया तो रावत शव छोड़कर गायब हो गया। मंदसौर जिले के बड़वन गांव में रहने वाले 25 वर्षीय किसान घनश्याम धाकड़ को भाव नगर की पुलिस लेकर आई थी। उसके बयान भी नहीं हो पाए। जांच में पता चला कि पुलिस की लाठीचार्ज में घनश्याम घायल हुआ था। उसके शरीर पर डंडों के निशान भी थे। जीजा का आरोप है कि पुलिस ने कस्टडी में लेकर घनश्याम को इतना पीटा कि मार डाला।

टीआई-कांग्रेस नेताओं में नोक-झोंक: सुबह जब कांग्रेस नेताओं को पता चला कि किसान की मौत हुई है तो वे अस्पताल पहुंचे। इनमें पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व विधायक अश्विन जोशी, तुलसी सिलावट, शहर अध्यक्ष प्रमोद टंडन व प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा सहित अन्य लोग थे। इधर हंगामे के डर से पहले ही पोस्ट मार्टम कक्ष के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पूर्व विधायक जोशी जब घनश्याम के परिजन से मिल रहे थे तो पुलिस ने आपत्ति ली। संयोगितागंज टीआई मंजु यादव ने परिजन कहा कि पुलिस को ही सब करना है। नेताओं से दूर रहें तो जोशी भड़क गए। उन्होंने टीआई को समझाइश दी कि यह गलत है। किसी को बोलने से रोकना, यानी एक तरह से लोकतंत्र पर हमला है, जो भी बात हो, वह परिजन व मीडिया के सामने की जाए। स्थिति बिगड़ती देख एएसपी बिट्टू सहगल ने टीआई को रवाना किया। जब कांग्रेस नेता कैंपस से बाहर निकले तो पुलिस ने उसे बंद कर दिया। पुलिस ने मौत के साढ़े तीन घंटे बाद दी सूचना : घनश्याम के परिवार से पिता दुर्गालाल धाकड़, पत्नी रेखा, भाई राहुल, जीजा हीरालाल, दोस्त उमाशंकर और सूरज धाकड़ शुक्रवार सुबह एमवाय अस्पताल पहुंचे।

## 8 मिमी बारिश से तर हुआ शहर, जून में औसत बारिश का कोटा पूरा

इंदौर। शहर में शुक्रवार दोपहर छाए बादल झमाझम बरसे। पूर्व से पश्चिम तक 20 मिनट जोरदार बारिश हुई। आने वाले दो-तीन दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहने की संभावना है। सुबह के वक्त धूप खिलेगी और दोपहर बाद बारिश हो सकती है। अब तक 154 मिमी (6 इंच से ज्यादा) बारिश हो चुकी है, जबकि मानसून की आमद नहीं हुई है। जून में बारिश का औसत पार हो चुका है। दोपहर 3 बजे पाटनीपुरा से मालवा मिल, मल्हारगंज, मालगंज सहित कई इलाकों की सड़क पर पानी भरने से जाम लग गया। मौसम विभाग ने 8 मिमी वर्षा दर्ज की। अधिकारियों के मुताबिक, शहर में एक जैसी बारिश नहीं हुई। एयरपोर्ट इलाके में कम तो मिल क्षेत्र में इसकी तीव्रता अलग-अलग थी। आने वाले दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। 16 जून के आसपास मानसून के पूरे प्रदेश में छा जाने की उम्मीद है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 23.1 दर्ज हुआ, जबकि अधिकतम तापमान 34.2 रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से तीन डिग्री कम है।

### इस दुल्हन के कारनामे जानकर आपके भी उड़ जाएंगे होश

इंदौर। नाम बदलकर शादी करने वाली लुटेरी दुल्हन को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम माया ठाकुर उर्फ नेहा जैन निवासी लाला का बगीचा है। मुखबिर से पता चला था कि अचानक उसका रहन-सहन बदल गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने कबूला कि जनवरी 2017 में उसने मनोज जैन निवासी कोटा से शादी की थी। 45 दिन बाद सोने-चांदी के गहने व छह लाख रुपए लेकर गायब हो गई। जब इस दुल्हन का सच सबके सामने आया तो लोगों के होश ही उड़ गए। माया व मनोज का विवाह उज्जैन के संजय ने करवाया था। संजय ने अपने परिचितों को माया का माता-पिता बनाकर मनोज के परिवार से मिलवाया।

**खबरें** — **इस पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े फिर भी लोग मौके पर डटे रहे**

# उज्जैन मंडी में दो वाहनों में लगाई आग, पांच घंटे चला हंगामा

**उज्जैन।** मक्सी रोड पर स्थित ग्राम विजयागंज मंडी में आक्रोशित आंदोलनकारियों ने उपद्रव किया। भीड़ में शामिल शरारती तत्वों ने दो चौपहिया वाहन फूंके और कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों से मारपीट भी की। करीब पांच घंटे तक हंगामा चलता रहा। आक्रोशित लोगों को काबू करने के लिए पुलिस को आंसू गैस भी छोड़ने पड़ी। सुबह 8 बजे से आसपास के गांवों से भी आंदोलनकारी सड़क पर इकट्ठा होने लगे। किसान यहां व्यापारियों से आंदोलन के समर्थन में दुकानें बंद करने को कह रहे थे। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। किसानों के मुताबिक इस बीच बाकी रह गई दुकानों में से किसी ने पथराव कर दिया। इससे ग्राम सोनवानी गोपाल निवासी अजय पाटीदार, राजेश पाटीदार, व रामबाबू को चोट आई। इन्हें पाटीदार अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद आक्रोशित किसानों ने जवाब में पथराव किया और वहां से गुजर रहे विद्युत वितरण कंपनी के लोडिंग वाहन को पलटकर उसमें आग लगा दी। इसके बाद लोगों ने पुलिस चौकी का घेराव कर दिया।

उज्जैन पुलिस मदद को पहुंची : आगजनी की खबर सुनकर उज्जैन से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का दल व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा। विद्युत कंपनी की गाड़ी में लगी आग को फायर ब्रिगेड ने बुझाया। इस बीच आंदोलनकारियों में शामिल कुछ लोगों ने फिर पथराव किया। इस पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े फिर भी लोग मौके पर डटे रहे।

मीडिया के वाहन में तोड़फोड़ किया आग के हवाले : दोपहर 11.45 बजे नईदुनिया टीम कवरेज के लिए मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस चौकी के सामने करीब एक हजार लोग इकट्ठा थे। वहीं कुछ लोग करीब 200 मीटर दूर उज्जैन की ओर इकट्ठा होकर पुलिस कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि उज्जैन की तरफ से आए पुलिस बल ने बगैर किसी चेतावनी के आंसू गैस के गोले छोड़े। इसमें दो लोग घायल हो गए। इनमें एक विकास जवासिया है। वहीं, चौकी पर तैनात पुलिस बल हवाई फायर कर लोगों को वहां से हटाने की कोशिश कर रहा है। कुछ देर में पुलिस चौकी से भीड़ मीडिया से चर्चा कर रहे लोगों की ओर आई और उसमें से कुछ उपद्रवी ने नईदुनिया टीम से हाथापाई की और कवरेज करने से रोका।

कुछ ग्रामीण जैसे-तैसे भीड़ से निकालकर मीडियाकर्मियों को लेकर निकले इस बीच उपद्रवियों में से कुछ ने लकड़ी व डंडे से हमला किया और धक्कामुक्की की। इसमें नईदुनिया के ब्यूरो प्रमुख अजय तिवारी,व यूनिट हेड गुरदयाल सिंह को काफी चोट आईं। उपद्रवियों ने मीडियाकर्मियों की कार (यूपी 11-एई 0440) में तोड़फोड़ कर खंती में गिरा दिया और आग लगा दी। बाद में देवास जिले का पुलिस बल और उज्जैन के पुलिस बल ने एक साथ मौके पर पहुंचा। सख्ती देख आंदोलनकारी वहां से हटकर पास के खेतों में झुंड बनाकर खड़े हो गए।

**प्रदेश में प्याज खरीदी की शुरुआत उज्जैन से**

उज्जैन। किसान आंदोलन के बाद सरकार द्वारा 8 रुपए किलो प्याज खरीदी के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा यहां किए वादे पर चंद घंटे बाद ही अमल हो गया। खास बात यह है कि इसकी शुरुआत भी उज्जैन से ही हुई है। सोमवार को पहले दिन 20 क्विंटल प्याज खरीदा गया। दरअसल, रविवार को शिप्रा दर्शन यात्रा के दौरान यहां आए मुख्यमंत्री चौहान ने सर्किट हाउस पर मिले किसान प्रतिनिधियों के सामने 8 रुपए किलो में प्याज की खरीदी शुरू करने की घोषणा की थी। सोमवार को कृषि उपज मंडी में खरीदी केंद्र स्थापित कर मार्केटिंग सोसायटी ने बोरमुंडला निवासी ईश्वरसिंह पटेल का 20 क्विंटल प्याज 8 रुपए किलो में खरीदा। कुल खरीदी 52 क्विंटल बताई गई। मंडी प्रांगण में विधिवत पूजन के साथ खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सोसयटी के अध्यक्ष आनंदीलाल जैन, मंडी अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला, भारतीय किसान संघ के प्रांतीय प्रवक्ता भारतसिंह बैस, पंकज मोदी, कमलसिंह आंजना, उपाध्यक्ष शेरू पटेल, सचिव ओ.पी. शर्मा, मुकेश हरभजनका, शोभाराम मालवीय, रघुनंदन पाटीदार, सहकारिता अधिकारी मनोज जायसवाल मौजूद थे।

## खिलाड़ियों का सम्मान करने से प्रोत्साहन मिलता है : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ द्वारा खेल प्रशासकों, खेल संगठनों के पदाधिकारियों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खिलाड़ियों का सम्मान करने से प्रोत्साहन मिलता है। राज्य शासन खेलों के विकास के लिये कृत-संकल्पित है। भारत में पिछले एक दशक में खेलों का तेजी से विकास हुआ है। क्रिकेट और अन्य क्षेत्रों में हमने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ हासिल की हैं। प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों के साथ है। समय-समय पर खिलाड़ियों का सम्मान जरूरी है। सम्मान से खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है। श्री चौहान ने आज मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा खेल प्रशासकों, खेल संगठनों के पदाधिकारियों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री अभय छजलानी, श्री अनिल थूपर, श्री बलवीर सिंह चौहान, श्री ओम सोनी और श्री आलोक खरे का मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्री प्रकाश मिश्रा, गणेशवरी धुर्वे, नमिता चन्देल, अंजुल नामदेव, लतिका भण्डारी, प्रिंस परमार, कुलदीप सिंह कोर, शालू रायकवार, आरती खकाल, सतीश को सम्मानित किया गया। समारोह में श्री के.एस. गिल, श्री वीरेन्द्र सिंह, श्री बी.एस. राजपूत, श्री ओम सोनी, श्री संतोष त्रिपाठी, श्री के.बी. अग्रवाल, श्री बी.डी. विद्यार्थी, श्री एस.एन. मुखर्जी, श्री सुमेर सिंह गढ़ा, श्री अर्जुन सिंह धूपर, श्री जी.के. श्रीवास्तव, श्री अभय राहुल, श्री प्रीतपाल सिंह, श्री लोक बहादुर, श्री मदन यादव, श्री संजय यादव, श्री विनोद पोतदार, श्री चन्द्रराव शिंदे, श्री प्रशांत वैशाली, श्री महेश आदि को शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री नंदकुमार सिंह चौहान, आईडीए अध्यक्ष श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री रमेश मेंदोला, सुश्री उषा ठाकुर, श्री सुदर्शन गुप्ता, श्री राजेश सोनकर, श्री कैलाश शर्मा, श्री दिग्विजय सिंह और श्री ओम सोनी आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नव दम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सीहोर जिले की बुदनी तहसील के ग्राम बकतरा में आज को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह तथा कृषि विज्ञान मेला 2017 हुआ। विवाह समारोह में 95 विवाह तथा दो निकाह हुए। मुख्यमंत्री सपत्नीक बारात में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पुष्प वर्षा कर दुल्हों का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री ने नवयुगलों को आशीर्वाद देते हुए शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण का जितना कार्य प्रदेश सरकार ने किया है इतिहास मे कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्याज आठ रुपये किलो की दर से खरीदा जा रहा है। दस जून से तुअर 5050, मूंग 5225 तथा उड़द 5000 रुपये क्विंटल की दर पर खरीदी जाएगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 123 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का लोकार्पण किया। उन्होंने अगले वर्ष से महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने की घोषणा की। कार्यक्रम मे प्रभारी मंत्री श्री रामपाल सिंह, मार्कफेड अध्यक्ष श्री रमाकांत भार्गव, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, वन विकास निगम अध्यक्ष श्री गुरु प्रसाद शर्मा, राज्य वनोपज संघ उपाध्यक्ष श्री रामनारायण साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला मरेठा उपस्थित थीं।

## सैलाना के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे: मुख्यमंत्री श्री चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने सैलाना में 25 करोड़ 45 लाख रूपये लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण और 90 लाख रूपये के निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सैलाना के विकास में कोई कमी नहीं आने देगें। उन्होंने कहा कि चौपाल, सभाओं और चर्चाओं में किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करेंगें। मुख्यमंत्रीजी ने सैलाना के विकास के लिये पॉच करोड़ रूपये की राशि देनें की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनता का विकास और प्रदेश का कल्याण ही सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जहां-जहां तालाब खोदे जा सकते हैं, उन सभी का परीक्षण करवायें। तकनीकी परीक्षण उपरांत स्वीकृति प्रदान की जाकर राशि आवंटित कर दी जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिये आवश्यकतानुसार पानी उपलब्ध कराया जायेगा। पिछले चार वर्षो से प्रदेश को लगातार राष्ट्रीय कृषि कर्मण अवार्ड मिलने में किसानों का ही विशेष योगदान रहा है। सरकार द्वारा किसानों के प्रति संवेदनशीलता के कारण ही आज प्रदेश में सिंचाई का रकबा चालीस लाख हेक्टेयर तक पहुच गया हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सैलाना के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये पॉच करोड़ 64 लाख रूपये की लागत से जल शोधन संयंत्र प्लांट का लोकार्पण किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने जल शोधन संयंत्र परिसर सैलाना में पीपल का पौधा लगाया।

**योजना** — पीडीएस की दुकानों में गरीब उपभोक्ताओं को दो रूपये प्रति किलो मिलेगी प्याज

# किसानों के हित में दाल की कीमत गिरने नहीं दी जायेगी- मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां मंत्रालय में कृषि विभाग की भविष्य की कार्य-योजनाओं और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्याज खरीदी की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों से प्याज आठ रुपये प्रति किलो खरीदा जाएगा और पीडीएस की दुकानों में गरीब उपभोक्ताओं के लिये दो रूपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध होगा। उपभोक्ताओं के लिये खरीदी की सीमा भी तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक सार्वजनिक वितरण दुकान में करीब चार सौ उपभोक्ता कवर होते हैं।

तुअर खरीदने के संबंध में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रत्येक जिले में तुअर की उपलब्धता का आकलन करें। तुअर, मूंग और उड़द की खरीदी एक ही केंद्र से की जाएगी। अभी तक 80 खरीदी केंद्र बनाये जा चुके हैं। बैठक में बताया गया कि अनुमान के अनुसार 30 जून तक एक से डेढ लाख मीट्रिक टन तुअर खरीदी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि दाल का आयात नहीं होगा। इससे घरेलू बाजार में दाल की कीमत गिर जाएगी और किसानों को दाम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर दाल की कीमत गिरने नहीं दी जाएगी ताकि किसानों को उनकी उपज का पूरा दाम मिल सके। दाल में किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जायेगी।

श्री चौहान ने मूल्य स्थिरीकरण कोष तत्काल प्रभाव से स्थापित करने निर्देश दिये। उन्होने कृषि लागत एवं विपणन आयोग का संगठनात्मक ढांचा तैयार कर उसमें अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां करने के भी निर्देश दिये। श्री चौहान ने कहा कि खरीफ की फसलों के लिये खरीद केन्द्रों का चयन और स्थान निर्धारण पहले से कर लें ताकि समर्थन मूल्य पर खरीदी में थोड़ा भी विलम्ब न हो।

फसल बोने का परामर्श देने बनेगा एप : मुख्यमंत्री ने किसानों के लिये मोबाइल आधारित एसएमएस या परामर्श देने की योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रत्येक फसल के संबंध में जानकारी होना चाहिये कि कितने क्षेत्र और कितनी मात्रा में फसल बोना चाहिये ताकि बंपर आवक के बावजूद किसानों को उनकी उपज का दाम मिले। ज्यादा उत्पादन के कारण मूल्य की कमी से किसान प्रभावित नहीं हो पाये। इसके लिये उन्होंने किसानों के डाटा बेस पर आधारित एक एप बनाने के निर्देश दिये ताकि किसान स्वयं अपना विवरण आसानी से दर्ज कर सकें। उन्होंने फसलों के संभावित खरीददारों को भी इस एप से जोड़ने पर विचार करने के लिये कहा। श्री चौहान ने इस विषय से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श करने और रणनीति बनाने के लिये एक समिति बनाने के भी निर्देश दिये। डिफाल्टर किसानों के लिये घोषित एक मुश्त सेटलमेंट योजना के संबंध में श्री चौहान ने आगामी सोमवार तक पूरी योजना का प्रारूप प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि डिफाल्टर किसानों को क्रेडिट योजना का लाभ फिर से मिलने लगे। बैठक में मुख्य सचिव श्री बी पी सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री ए.पी. श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री अशोक वर्णवाल, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री पी. सी. मीणा, सहकारिता, मंडी बोर्ड, मार्कफेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### घायलों को देखने यूनिक अस्पताल पहुँचे मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज इंदौर में भारी बारिश और तूफान के कारण कार्यक्रम स्थल के क्षतिग्रस्त होने से घायल लोगों को देखने यूनिक अस्पताल पहुँचे। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों से बातचीत की और उन्हें बताया कि घटना स्थल पर उपस्थित सभी लोग सकुशल हैं। घायलों का पूरा इलाज मध्यप्रदेश सरकार द्वारा करवाया जायेगा। श्री सिंह ने चिकित्सकों को सभी घायलों का तुरंत समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री श्री चौहान के आज इंदौर में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर अचानक तूफान बारिश के कारण जब अफरा-तफरी मची, तब मुख्यमंत्री घटना स्थल पर ही डटे रहे और स्वयं ने वहाँ सभी लोगों को पंडाल से बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुँचवाया। सबसे आखिर में मुख्यमंत्री श्री चौहान तुरंत अस्पताल पहुँचे और घायलों के उपचार की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की।

### बातचीत के लिये सरकार हमेशा तैयार है

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से शांति बनाये रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सरकार है, जनता की सरकार है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे हमेशा जनता और किसानों के लिये काम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिये गये हैं। प्याज 8 रूपये किलो खरीदा जा रहा है। समर्थन मूल्य पर मूंग, उड़द और तुअर की खरीदी 10 जून से प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान और बातचीत के लिये वे हमेशा तैयार हैं। चर्चा करके ही समस्याओं का समाधान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्व प्रदेश को हिंसा की आग में झोंकना चाहते हैं, उनसे हम सख्ती से निपटेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों से आग्रह किया है कि अराजक तत्वों के मनसूबे कभी कामयाब नहीं होने दें, शांति बहाली में सहयोग दें।

# सम्पादकीय

## शिल्पी, बुनकर, कारीगर उत्थान और प्रदेश के हस्तशिल्प-हथकरघा वस्त्रों को नयी पहचान

प्रचीन काल से ही भारत में कुटीर उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सहिष्णु भारत की संस्कृति में विदेशी शासकों के हस्तक्षेप ने इसको धूमिल तो किया, परंतु यह नष्ट नहीं हो पायी। स्वदेशी आंदोलन के प्रभाव से पुन: इनको बल मिला और अपनी मजबूत जड़ों के चलते आज कुटीर उद्योग आधुनिक तकनीकी के समानांतर भूमिका निभा रहे हैं। मध्यप्रदेश की चंदेरी, महेश्वरी, बाघ प्रिंट की साड़ियाँ तो सात समुन्दर पार अपनी लोकप्रियता स्थापित कर रही हैं। यहाँ के कुटीर उद्योगों में परम्परा, कुशलता, परिश्रम के साथ छोटे पैमाने पर मशीन का भी उपयोग होने लगा है। राज्य शासन ने पिछले एक दशक में कारीगर, बुनकर, शिल्पियों के सामाजिक-आर्थिक सुदृढ़ीकरण के हर-संभव प्रयास किये हैं। वर्तमान में हाथकरघा उद्योग से प्रदेश में लगभग 45 हजार बुनकर को रोजगार मिल रहा है। जुलाई 2014 से लागू मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना और इसके पूर्व की स्व-रोजगार योजनाओं से विगत 11 साल में 64 हजार 438 हितग्राही को 151 करोड़ 38 लाख 22 हजार की सहायता दी गई।

**प्रयास: वर्ष 2005-06 :** बुनकर एवं शिल्पियों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार की जानकारी देने के लिये ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से अप्रैल, 2005 में दस-दिवसीय ग्लोबल लोकल प्रदर्शनी की गयी। इसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों ने बुनकर और शिल्पियों से सीधा संवाद कर उन्हें लोगों की बदलती हुई रुचि और मूल्य संवर्धन के बारे में समझाया। बालाघाट जिले के बुनकर बहुल क्षेत्र मेहंदीवाड़ा क्लस्टर में बुनकरों के आवास और सड़कों पर 17 लाख से ज्यादा की राशि से सोलर लाइट लगायी गयी। सीहोर जिले के ग्राम मैना में कर्मशाला से बुनकरों के आवास तक जाने वाले पहुँच मार्ग को 10 लाख की लागत से सीमेंट-कांक्रीट रोड में बदला गया। दिसम्बर, 2005 में चंदेरी हाथकरघा क्लस्टर में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री ने दो करोड़ की परियोजना क्रियान्वयन का शुभारंभ किया।

**प्रयास : वर्ष 2006-07 :** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कबीर बुनकर पुरस्कार योजना में चंदेरी के श्री शाकिर मोहम्मद को चंदेरी साड़ी (मेहंदी रचे हाथ) के लिये एक लाख रुपये का पुरस्कार, महेश्वर के श्री अनिल खरे को महेश्वरी साड़ी के लिये 50 हजार का द्वितीय और चंदेरी के श्री छोटेलाल कोली को नालफेरवा साड़ी के लिये 25 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार दिया। रंगाई व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिये प्रदेश के दो प्रमुख क्लस्टर चंदेरी और महेश्वर को रंगाई घर उपलब्ध करवाये गये। सारंगपुर एवं सौंसर क्लस्टर के हाथकरघा उत्पादन को बाजार योग्य बनाने के लिये एनआईएफटी, नई दिल्ली के जरिये 23 लाख की परियोजनाएँ स्वीकृत की गयी। साथ ही राज्य लघु वनोपज संघ के सहयोग से शीसल फाइबर उत्पाद विकास के लिये छिन्दवाड़ा, बालाघाट और सिवनी जिले के हाथकरघा बुनकरों के लिये 34 लाख से ज्यादा राशि की संयुक्त परियोजना लागू की गयी।

**प्रयास : वर्ष 2007-08 :** मध्यप्रदेश स्थापना की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश के प्रमुख हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्लस्टरों के उत्पादों के विपणन के लिये दिल्ली हॉट में हुनर द्वितीय का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री निवास पर 17 सितम्बर, 2007 को हुई शिल्पी-कारीगर पंचायत में चंदेरी के श्री शकील अहमद को प्रथम, महेश्वर के श्री वसंत कुमार श्रवणेकर को द्वितीय और चंदेरी की श्रीमती गीताबाई कोहली को तीसरा पुरस्कार दिया गया। चंदेरी एवं ग्वालियर के लिये भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 2 करोड़ 5 लाख की एकीकृत हाथकरघा क्लस्टर विकास योजना में यार्न वर्कशॉप, स्व-सहायता समूहों का गठन, प्रशिक्षण एवं डाई-हाउस के लिये राशि दी गयी। प्रदेश के हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों के लिये फारवर्ड एवं बेकवर्ड लिंकेज उपलब्ध करवाये गये। तैयार माल की बिक्री सुनिश्चित करने के लिये वारासिवनी, भोपाल, इंदौर, मसूरी, मुम्बई, उज्जैन, मंदसौर और पचमढ़ी में मेले लगाये गये, जिनमें एक करोड़ की बिक्री हुई। कपड़े के रंगों में विविधता एवं उत्कृष्टता लाने के लिये चंदेरी, महेश्वर, वारासिवनी, सौंसर एवं सारंगपुर में उत्कृष्ट रंगाई-घरों की स्थापना का काम इसी वर्ष से प्रारंभ किया गया। इसके अलावा बुनकरों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के लिये आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के सहयोग से बुनकर स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गयी। योजना में अब तक 85 हजार से ज्यादा बुनकर का बीमा किया जा चुका है।

**प्रयास : वर्ष 2008-09:** हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को सुनिश्चित करने के लिये प्रदेश-स्तर पर मेला एवं प्रदर्शनी लगायी गयी। हाथकरघा और हस्तशिल्प के 18 मेले का आयोजन प्रदेश में और 3 मेला एवं बॉयर-सेलर मीट का आयोजन केरल, नागपुर एवं मुम्बई में किया गया। इसी तरह शासकीय वस्त्र प्रदाय योजना में करीब 7 करोड़ के वस्त्र आदेश प्राप्त हुए। इससे बुनकर समितियों, लघु हाथकरघा इकाइयों और व्यक्तिगत हाथकरघा बुनकरों को 5 लाख से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध हुआ।

**प्रयास : वर्ष 2009-10 :** करीब 500 हितग्राही को प्रशिक्षण और 398 को नवीन हाथकरघा/उपकरण दिये गये। प्रदेश के 13 हजार बुनकर का स्वास्थ्य बीमा करवाया गया। उद्यमों, समितियों, स्व-सहायता समूहों और कुटीर उद्योगों को वित्तीय सहायता मंजूर की गयी।

*- पराग वराडपांडे*

## शासकीय सेवकों को दक्ष और सक्षम बनाती प्रशासन अकादमी

मध्यप्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र का विस्तार पिछले 11 वर्ष में महत्वपूर्ण रहा है। जहाँ एक ओर अस्पतालों के हालात में आमूल-चूल परिवर्तन आया है, वहीं चिकित्सा शिक्षा बेहतर हुई है। आज प्रदेश के लोगों को उपचार के लिये प्रदेश के बाहर नहीं जाना पड़ता। उन्हें अपने निकट के अस्पतालों में अत्याधुनिक संसाधनों के साथ इलाज उपलब्ध है। यही नहीं नए चिकित्सा महाविद्यालय खोले गए। पहले से संचालित चिकित्सा महाविद्यालय में सीट्स बढ़ाई गई ताकि चिकित्सकों की कमी को पूरा किया जा सके। स्टेट कैंन्सर इंस्टीट्यूट एवं टर्सरी सेंटर: जबलपुर में राज्य कैंन्सर इंस्टीट्यूट की स्थापना होने जा रही है। इस परियोजना की लागत 120 करोड़ रुपये है। इसी तरह ग्वालियर में टर्सरी केयर-सेंटर की परियोजना पर कार्य शुरू हो गया है। इसकी लागत 45 करोड़ है। इसका तीन चौथायी भारत सरकार एवं शेष एक चौथायी भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में इसके लिये 40 लाख और एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन संस्थाओं की स्थापना से प्रदेश के कैंन्सर पीड़ित मरीजों को उत्कृष्ट उपचार मिल सकेगा।

नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना: स्वतंत्रता के बाद प्रदेश में वर्ष 2004 तक पाँच ही मेडिकल कॉलेज थे। इनमें रीवा, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर शामिल हैं। वर्ष 2007 में सागर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई। इसके बाद 7 मेडिकल कॉलेज विदिशा, शहडोल, रतलाम, दतिया, खण्डवा, शिवपुरी और छिन्दवाड़ा में खोले जाना प्रस्तावित हैं। इसमें भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा 60ः40 के अनुपात में व्यय किया जायेगा। वर्तमान में राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेज में एम.बी.बी.एस. की 800 सीट्स है जिनमें लगभग 500 सीट् की वृद्धि की जायेगी। नये शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो जाने से लगभग 1050 सीट्स की वृद्धि होगी, जिससे चिकित्सकों की कमी को पूरा किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा योजना में तीन नये अस्पताल : प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में मेडिकल कॉलेज ग्वालियर, रीवा एवं जबलपुर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। जिससे प्रदेश में 42 सुपर स्पेशियलिटी डाक्टर तैयार होंगे। इनके जरिये प्रदेशवासियों को कॉर्डियोलाजी, न्यूरोलॉजी एवं न्यूनेटोलाजी की उच्चतम चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के लिये 150 करोड़ रुपये, इस तरह कुल 450 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे।

हमीदिया चिकित्सालय भोपाल का पुनर्निर्माण : भोपाल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हमीदिया अस्पताल में 1200 से 1500 मरीज प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण के लिये आते हैं। करीब सौ से सवा सौ मरीज प्रतिदिन भर्ती होते हैं। हमीदिया अस्पताल एवं सुल्तानिया अस्पताल में कुल 1160 बिस्तर हैं। यहाँ के चिकित्सा महाविद्यालय में एम.बी.बी.एस. की 150 सीटें बढ़कर 250 होने जा रही हैं। सुपर स्पेशियलिटी के लिए विभाग का उन्नयन भी किया जा रहा है। इससे मरीजों को नई से नई मेडिकल टेक्नोलाजी से युक्त उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इस उद्देश्य से 2000 बिस्तर का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण चरणबद्ध तरीके से करवाया जा रहा है। इस काम के लिए इस वित्त वर्ष में 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में 1000 बिस्तर अस्पताल : ग्वालियर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध चिकित्सालय 400 बिस्तर का है। चिकित्सालय में इलाज करवाने प्रतिदिन 1500 मरीज ओपीडी में एवं 1200 मरीज भर्ती होने आते हैं। जयारोग्य चिकित्सालय का विस्तार कर 1000 बिस्तर का किया जा रहा है। इसके लिये इस वित्त वर्ष में डेढ़ करोड़ का प्रावधान किया गया है।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर : मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में स्थापित किया जा रहा है। इस वर्ष इसके लिये 31 करोड़ 25 लाख का बजट प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेज के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं उच्च स्नातकोत्तर डिग्रीधारी छात्रों को राष्ट्रीय मानक के आधार पर उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। साथ ही यूनानी, होम्योपैथिक, नर्सिंग, आयुर्वेदिक, फिजियोथेरेपी एवं अन्य विभाग की परीक्षाएँ इस विश्वविद्यालय से संचालित होंगी।

SAAP SOLUTION
Explore New Digital World
- All Types of Website Designing
  - Business Promotion,
  - Lease Website
  - Industrial Product Promotion through industrialproduct.in
  - Get 2GB corporate mail account @ Rs 1500/- Per Annum per mail account with advance sharing feature
- Logo Designing by Experts
- Bulk SMS Services

For more details visit our website saapsolution.com
For enquires contact on 9425313619,
Email: info@saapsolution.com

# 20 प्रतिशत भारतीयों को है डायबिटीज और दिल की बीमारी

भारतीय सरकार द्वारा जारी हालिया सर्वे की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं. सर्वे की रिपोट के अनुसार भारत की 20 फीसदी आबादी को डायबिटीज और दिल की बीमारी है. भारत सरकार द्वारा इस हेल्थ सर्वेक्षण को 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है. सर्वेक्षण की रिपोर्ट में पाया गया भारत की 125 करोड़ आबादी डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी बीमारी से जूझ रही है.

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 के अनुसार सर्वे के दौरान 20.3 फीसदी डायबिटीज और 22.2 प्रतिशत हाइपरटेंशन के मामले सामने आए हैं. इसमें डायबिटीज से ग्रसित पुरुषों की संख्या 11.7, जबकि सर्वे में 8.6 फीसदी महिलाओं में डायबिटीज पाया गया.

**खतरनाक बीमारियों में डायबिटीज :** हाइपरटेंशन के मामले भी पुरुषों में ज्यादा पाए गए. 13.4 पुरुषों में जहां हाइपरटेंशन पाया गया वहीं महिलओं में यह आंकड़ा 8.8 प्रतिशत रहा.

सर्वे रिपोर्ट की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ऐसे लोगों की संख्या में जबदरस्त इजाफा पाया गया है, जिन्हें डायबिटीज और हाइपरटेंशन दोनों बीमारियां हैं. डायबिटीज और हाइपरटेंशन पर आधारित यह सरकार का पहला सर्वेक्षण है, जिसमें 7 लाख महिलाओं और 1.3 लाख पुरुषों को शामिल किया गया.

**डायबिटीज से बचने के लिए जरूरी है भरपूर नींद लेना... :** जिन राज्यों में डायबिटीज के सबसे ज्यादा मामले मिले हैं, उनमें गोवा (33.7%), पश्चिम बंगाल (28.2%), असाम (34.6%) और उड़िसा (27.2%) प्रमुख हैं. जबकि हाइपरटेंशन के मामले में सिक्किम (44.8%) सबसे आगे हैं. इसके बाद क्रमश: पंजाब (35%) और महाराष्ट्र (26%) हैं.

**दिल्ली में प्रदूषण पर सरकार का बड़ा फैसला, आधी गाड़ियां ही चलेंगी रोजाना :** इससे पहले सर्वे में यह खुलासा किया गया था कि देश के निजी अस्पतालों में सीजेरियन सेक्शन से होने वाली डिलीवरी की संख्या सरकारी अस्पतालों के मुकाबले कहीं ज्यादा है. त्रिपुरा के शहरी इलाके में सबसे ज्यादा सी-सेक्शन से डिलीवरी होती है. यह आंकड़ा देश के किसी भी दूसरे शहरों से ज्यादा है.



# ना सनस्क्रीन ना क्रीम, किचन की ये चीजें निखारेंगी गर्मी में स्किन



गर्मियों में अपनी स्किन को धूप और धूल से बचाने के लिए हम क्या-क्या नहीं करते. कभी चेहरे को कपड़े से ढकते हैं तो कभी उस पर महंगी से महंगी सनस्क्रीन लगाते हैं. इन सब के बावजूद चेहरे पर टैनिंग हो ही जाती है. अगर आप इन गर्मियों में अपने चेहरे की रौनक को बरकरार रखना चाहती हैं तो बाजार से महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने की बजाय किचन की इन चीजों का इस्तेमाल करें. ये न केवल आपकी त्वचा को गर्मी में झुलसने से बचाएंगी, बल्कि चेहरे की रौनक भी बनी रहेगी. त्वचा के लिए सबसे कारगर है खीरा. खीरा पेट को ठंडक देने के साथ स्किन को भी तरोताजा रखने में मददगार होता है. किचन में मौजूद कुछ चीजों को खीरे के साथ मिक्स कर आप अच्छा पैक बना सकती हैं. जानिये, इन गर्मियों में आप कैसे अलग-अलग पैक बनाकर अपने चेहरे की नमी को बरकरार रख सकती हैं...

**खीरा और दही :** खीरे और दही को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें. इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें. थोड़ी देर बाद गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें. अगर आपकी त्वचा ड्राई है तो यह आपके लिए और भी अच्छा है.

**खीरा और एलोवेरा :** खीरा और एलोवेरा दोनों ही त्वचा के लिए बहुत अच्छे होते हैं. सबसे अच्छी बात यह है कि दोनों आसानी से मिल भी जाते हैं. आज कल हर घर में लोग एलोवेरा लगाकर रखते हैं. खीरे का पेस्ट बना लें और इसमें 1 चम्मच एलोवेरा जेल डालकर मिला लें. इसमें 1 चम्मच नींबू का रस भी मिला लें. चेहरे पर लगाएं और सूखने दें. धो लें. यह पैक एंटी-एजिंग का काम करता है.

**खीरा और ओट्स :** गर्मियों में डेड स्किन की समस्या आम है. ऐसे में डेड स्किन हटाने के लिए आप खीरे और ओट्स से बना फेसपैक लगा सकती हैं. खीरे, ओट्स और हल्दी को मिलाकर चेहरे पर लगाएं. थोड़ी देर पानी ठंडे पानी से धो लें.

**खीरा और संतरे का जूस :** खीरे और संतरे के जूस को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें. इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें. यह चेहरे में चमक के साथ-साथ टाइटनेस भी लाएगा.

खीरा और बेसन : आधा खीरा, बेसन और एक चम्मच नींबू का पेस्ट तैयार कर लें. इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें. चेहरे पर ग्लो आएगा और डेड स्किन भी खत्म होगा.


## आयुर्वेद व होमियोपैथी के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा घर बैठे पायें उचित परामर्श व दवाईयां

आयुष समाधान

- सभी रोगों का अनुभवी डॉक्टरों द्वारा होमियोपैथी व आर्युवेद पद्धति से इलाज किया जाता है।
- रूपये 500/- से अधिक की दवाईयों पर निःशुल्क डिलेवरी
- किसी भी प्रकार की एलर्जी का इलाज किया जाता है।
- यौन रोगियों का सम्पूर्ण इलाज किया जाता है।
- रजिस्टर्ड डायटीशियन से वजन कम करने हेतु व अपने सही डाईट प्लान हेतु सम्पर्क करें

Email: info@ayushsamadhaan.com

www.ayushsamadhaan.com

FOR MORE DETAILS & BENIFITS VISIT OUR WEBSITE FOR REGISTRATION

# सोनोग्राफी में भी सुनहरा करियर

मेडिकल का दायरा सिर्फ डाक्टर या नर्स तक सीमित नही है, इसमें कई लोग जुड़े होते हैं, जिनकी भूमिका अहम होती है। उन्हीं में एक है रेडियोलॉजी टेक्नीशियन। दरअसल किसी भी बीमारी के सफल और सही इलाज के लिए पहले बीमारी की पहचान बेहद जरूरी है। बीमारी की पहचान के लिए कई बार मरीज के अंदरूनी हिस्सों की जांच की जाती है, जिसे रेडियोलॉजी कहा जाता है। रेडियोलॉजी को दो भागों में बांटा गया है। पहला डाइग्नोस्टिक रेडियोलॉजी और दूसरा थेराप्यूटिक रेडियोलॉजी। रेडियोलॉजी चिकित्सा विज्ञान की हाइटेक शाखा है, जो विभिन्न रोगों, शारीरिक गड़बड़ियों की पहचान और उपचार में मदद करती है।

जब जाना हो फॉर्मल पार्टी में, तो पहले टेबल एटिकेट्स जान लें

सोनोग्राफी रेडियोलॉजी की एक ब्रांच है। इसका उपयोग शरीर के विभिन्न अंगों मसलन छाती, दिल, पेट आदि में जांच करने के लिए प्रयोग में लाई जाती है। गर्भस्थ शिशु की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी सोनोग्राफी के माध्यम से जान सकते हैं। यदि किसी में शरीर के भीतर चल रही प्रक्रियाओं को जानने की इच्छा है और इसमें करियर भी बनाना चाहता है, तो सोनोग्राफी उपयुक्त विकल्प है। प्रत्येक हॉस्पिटल में इससे संबंधित कार्य होने की वजह से इनकी काफी मांग है। ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिक्स के अनुसार, इस क्षेत्र में 2016 तक 19 प्रतिशत ग्रोथ की संभावना है। वर्तमान में ट्रेंड प्रोफेशनल की काफी कमी है। इस प्रकार यदि भविष्य के लिहाज से देखा जाए, तो इस क्षेत्र में करियर काफी ब्राइट है।

**योग्यता**

सोनोग्राफी से संबंधित कोर्स में एडमिशन के लिए भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान में 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना जरूरी है। यदि इन तीनों विषयों को मिलाकर पचास प्रतिशत अंक हैं, तो आप इस कोर्स को कर सकते हैं।

अब इस तरह करें आईएएस प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी की रणनीति

**क्वॉलिटीज**

एक सोनोग्राफर को अस्पताल की विभिन्न जगहों मसलन ऑपरेशन थियेटर, इंटेसिव केयर यूनिट में डॉक्टरों व नर्सों के साथ काम करना होता है। इस कारण धैर्य होना बहुत जरूरी है। सोनोग्राफर इमरजेंसी केसों में एक अहम् भूमिका निभाते हैं। साथ ही एक सोनोग्राफर में काम के प्रति लगन, शांत स्वभाव एवं आत्मविश्वास का होना जरूरी है। उसके पास अपनी बात रोगी को अच्छे ढंग से समझाने की क्षमता का होना भी जरूरी है।



**संभावनाएं**

विशेषज्ञों के अनुसार, एजुकेशन के बाद हेल्थकेयर ऐसा सेक्टर है, जिसमें नौकरी की संभावनाएं हमेशा बनी रहती है। सोनोग्राफी से संबंधित पढ़ाई करने के पश्चात सरकारी व निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम, हेल्थकेयर सेंटरों, टेक्निकल कॉलेज आदि में जॉब की संभावनाएं हैं। यदि इच्छा हो तो हेल्थकेयर के अतिरिक्त रिसर्च व टीचिंग में भी करियर बना सकते हैं।

# अब इस तरह करें आईएएस प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी की रणनीति -

आईएएस प्रारंभिक परीक्षा में लगभग एक माह बचा है। अब परीक्षार्थियों के लिए जरूरी है कि मुख्य परीक्षा को भूलकर 7 अगस्त तक पूरी तरह से प्रीलिम्स पर ही ध्यान दें। आईएएस का नोटिफिकेशन प्रीलिम्स परीक्षा का सिलेबस बहुत डिटेल में नहीं बताता है मगर परीक्षार्थियों के लिए जरूरी है कि सिलेबस को गहराई में जाकर पढ़े। आईएएस की प्रीलिम्स परीक्षा पूरी तरह से तथ्यात्मक जानकारी पर आधारित है। बिना तथ्यात्मक जानकारी के न तो विश्लेषण हो सकता है और न ही बहस, न ही अंदाजा लगाया जा सकता है तो जाहिर है कि किसी भी तरह की राय कैसे कायम की जा सकती है। यह बात सही है कि यूपीएससी सीधे-**सीधे तथ्यात्मक जानकारी नहीं पूछती**

है। परीक्षार्थियों को तथ्यात्मक जानकारी को उसके कानूनी, सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के साथ समझना होगा तभी तथ्यों को सही सिद्ध किया जा सकता है।

**ई-कॉमर्स बिजनेस को लेकर रखें ऐसी अप्रोच :** अब 2016 की आईएएस प्रीलिम्स परीक्षा के लिए सिर्फ एक माह और कुछ दिन ही बचे हैं तो परीक्षार्थियों को अब अपने पर फोकस करना होगा। जिन भी विषयों में आपको परेशानी है आप उन्हीं विषयों से प्रारंभ करें और उनके ज्यादा-से-ज्यादा प्रश्न हल करें। इसे ऐसे कह सकते हैं कि यदि आप उड़ना चाहते हैं तो पहले आपको जमीन छोड़नी पड़ेगी। आईएएस प्रीलिम्स परीक्षा की तैयारी का यह सबसे महत्वपूर्ण समय है। और आपको अब चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर आना ही होगा। दिन-रात की मेहनत ही आपको इस बाधा को पार करवाएगी। अब समय एनसीईआरटी की किताबें, न ही एनआईओएस या फिर इग्नू की सामग्री से शुरू करने का नहीं, प्रैक्टिस और रीविजन का है। 7 अगस्त को परीक्षा ली जानी है तो मान कर चलें कि पेपर सेटिंग, प्रिंटिंग और पहुंचने

में 20 दिन का समय लगेगा। तो 16 जुलाई तक के समाचार पत्रों को बहुत ध्यान से देखें। 17 जुलाई के बाद के अखबारों पर समय बर्बाद न करें। हां, सरसरी तौर पर देखते रहें क्योंकि हो सकता है कि आपको किसी घटना को नए एंगल से समझने में मदद मिले।

ऐसी हो रणनीति इन बचे हुए दिनों में क्या-क्या कर सकते हैं? रिविजन, पिछले वर्षों में पूछे गए सवालों को नई अवधारणाओं के साथ जोड़ना, मॉडल टेस्ट पेपर्स/मॉक पेपर्स, प्रैक्टिस पेपर्स आदि सॉल्व करना। आईएएस टॉपर्स से टिप्स लेना भी बुरा विचार नहीं है क्योंकि वे कुछ सिलेबस को कवर करने के लिए कुछ टिप्स दे सकते हैं।

यदि आपने विषयवार अपने सवालों और कंसेप्ट्स को जाना है तो आप अपनी कमजोरी को भी समझ पाएंगे। और फिर उसे ठीक करने के लिए प्रयास कर पाएंगे ताकि आप परीक्षा में बेहतर कर पाएं। अब समय है भारतीय राजनीति की अवधारणाओं और उसके उपयोग के विश्लेषण का, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं पर गौर करने और उनको रिवाइज करने का। यह समय है संबद्ध सवालों पर फोकस करने का, जो कि यूपीएससी की प्रीलिम्स परीक्षा में अक्सर पूछे जाते हैं। ताकि संबंद्ध अवधारणाओं के बारीक फर्क को समझा जा सके। चार सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जिनको ज्यादा गंभीरता से पढ़ना चाहिए-1. भारतीय अर्थव्यवस्था, 2. भारत का भूगोल, 3. भारत की राजनीति और 4. करंट अफेयर्स, यह अपने आप में पर्यावरण और पारिस्थितिकी, साइंस और टेक्नोलॉजी को समेट लेगा।


PRACHI
MATHS & SCIENCE TUTORIAL
(RUN BY PRACHI HUNDAL Ma'am
TEACHING SINCE 1992)
Exclusively for
6th, 7th, 8th, 9th, 10th
CBSE/ICSE
OUR USP'S ARE
● Small Batch Size
● Maths in all the batches by Prachi Hundal Ma'am
● Science by Senior faculties
REGISTER YOURSELF TODAY
BATCHES FROM
3rd April
VENUE : 313-9B SAKET NAGAR, NEAR SPS, BEHIND BSNL OFFICE
M. 9406542737

SUKHWANT SINGH CLASSES
(RUN BY SUKHWANT SIR EX FACULTY
SUPER-30 PATNA GROUP)
TEACHING SINCE 1984
Exclusively for CBSE/ISC
XI, XII-IIT
OUR USP'S ARE
● Small Batch Size
● Focused & Comprehensive Study Material
● Maths & Physics by Sukhwant Sir
● Chemistry by eminent faculty
REGISTER YOURSELF TODAY
BATCHES FROM
● Morning Batch For 12th Cum IIT/AIIMS 3rd April
● New Evening Batch For 12th Cum IIT/AIIMS 3rd April
● 11th Cum IIT/AIIMS 10th April
● Weekend Morning Batch for 12th Board 3rd April
VENUE : 313-9B SAKET NAGAR, NEAR SPS, BEHIND BSNL OFFICE
M. 9479955649, 9424312779

# व्यापार में सफलता के लिए आसान उपाय

अपने व्यवसाय को लेकर अकसर लोगों को यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत और प्रयास के बाद भी सुनिश्चित सफलता नहीं मिल रही है। यदि आपको भी अपने व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पढ़ रहा है, तो फिर किसी सर्टिफाइड वास्तु कंसल्टेंट से संपर्क करें क्योंकि बिजनेस में अपेक्षित सफलता ना मिलने का कारण आपके घर या ऑफिस में वास्तु असंतुलन भी हो सकता है।

किसी भी व्यवसाय में सफलता के लिए कुछ बातें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं मसलन - प्रॉपर प्लानिंग, धन या फाइनेंस, योजना को किस तरह से क्रियान्वित करना है, टीम मैनेजमेंट आदि।

इन सारी चीजों में पैसा या फाइनेंस सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर आपके पास समुचित धन नहीं होगा तो आप चाहे कितनी भी योजनाएं क्यों ना बना लें उसे क्रियान्वित नहीं कर पायेंगे। हम बताते हैं कि वास्तु के किन उपायों का उपयोग करके आप अपने व्यवसाय में लाभ कमा सकते हैं।

व्यवसाय के लिए लोन लेना चाहते है तो उत्तर पश्चिम में दो सफेद घोड़ों की तस्वीर लगाएं।

**भाग्यांक की दिशा में उस दिशा से संबंधित रंग व शेप की तस्वीर लगाएं।**

कस्टमाइज वस्तु सिद्धांतों पर अमल करके आप व्यवसाय में सफलता के चरम सोपान तक पहुंच सकते हैं।

आमतौर पर लोगों की धारणा है कि उत्तर धन का जोन है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि धन और अवसर का जोन उत्तर धन को बढ़ाने में भी कारगर सिद्ध होगा ही। व्यवसाय में सफलता के लिए धन और अवसर के जोन उत्तर के साथ-साथ बैंकिंग और सहयोग के जोन उत्तर-पश्चिम को दुरुस्त करना भी जरूरी है।

इस जोन की एनर्जी को बढ़ाने के लिए कंपनी के मालिक या डायरेक्टर की डेट ऑफ बर्थ का खास तौर पर विश्लेषण करना चाहिए कि इस जन्मतिथि में पंचतत्वों जल, आकाश, वायु, पृथ्वी और अग्नि में से किस तत्व की प्रधानता है, उसी के आधार पर उसके बैठने की जगह को संतुलित करें। अगर उसकी जन्मतिथि में जल तत्व कमजोर है, तो उसे संतुलित करने के लिए डायरेक्टर के कमरे में सेलिंग शिप या डॉल्फिन का चित्र लगाएं। इसके लिए आप विशेषज्ञ की सहायता ले सकते हैं।

अगर डायरेक्टर या मालिक की डेट ऑफ बर्थ ज्यादा प्रभाशाली नहीं है, तो उसके स्थान पर उसके पुत्र या पत्नी की जन्मतिथि का प्रयोग भी कर सकते हैं।

किसी भी व्यवसाय की सफलता में दिशाओं की महत्वपूर्ण भमिका होती है। दिशाओं से लाभ उठाने के लिए आप अपने प्रयोजन को ध्यान में रखें। इसके साथ ही आपका व्यवसाय किस तरह का है इस का ध्यान रखना भी जरूरी है। अगर आप ट्रेडिंग का बिजनेस कर रहे हैं, तो उसमें स्टॉक का विशेष महत्व है। बिजनेस में निश्चित सफलता के लिए अपने स्टॉक को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखें।

कंपनी के मालिक के बैठने की दिशा उसकी जन्मतिथि के अनुसार शुभ दिशा में हो तो बेहद अच्छा रहता है। इसमें जातक के व्यवसाय को भी देखना पड़ता है।

**व्यवसाय में सफलता के लिए उत्तर और उत्तर पश्चिम को सक्रिय रखें।**

अगर आपको अपने ऑफिस में जाने के बाद काम करने का मन नहीं करता है या यूं कहें कि आप एनर्जेटिक फील नहीं करते हैं और आपके अंदर निराशा की भावना आती है, तो इसका सीधा सा मतलब है कि आपके कार्यस्थल पर नेगेटिव एनर्जी सक्रिय है, इसी वजह से आपको मनोवांछित की प्राप्ति नहीं हो रही है। कार्यस्थल में पॉजिटिव एनर्जी विकसित करने के लिए एनर्जी सॉल्ट से 27 दिन तक पोंछा लगवाएं आपको वांछित परिणाम नजर आने लगेगा।

जब भी आपको किसी से व्यवसाय में बढोतरी के संबंध में बात करनी है, तो फिर पूर्व में बैठकर करें।

धन एवं समृद्धि के देवता कुबेर का निवास उत्तर में है, इसलिए धन एवं समृद्धि को आकर्षित करने के लिए उत्तर और उत्तर-पूर्व को संतुलित रखें। इसके लिए आप उत्तर दिशा में टेबल पर या फिर दीवार में बने आले पर कुबेर की मूर्ति लगा सकते हैं।

# फेंगशुई की मदद से बनाएं सुकून वाला घर

***हमलोग सभी एक अच्छा घर चाहते हैं, जहां सुकून के दो पल बिता सकें। फेंगशुई आपको सही घर बनाने में मदद करता है, इसके साथ ही यह आपको यह भी बताता है कि घर में हर रूम का कितना महत्व है और यह कहां-कहां स्थित रहना चाहिए, जिससे आपको मन की शांति और चैन मिल सके।***

बेडरूम- जिनकी अभी हाल में ही शादी हुई है या युवा कपल हैं, उन्हें अपना बेडरूम घर के अंदर उत्तर-पश्चिम दिशा में रखनी चाहिए। वैसे शादीशुदा जोड़े जो महत्वाकांक्षी हैं, उन्हें अपना रूम दक्षिण दिशा में रखनी चाहिए और जो अपने गोल तक जल्द से जल्द पहुंचना चाहते हैं उन्हें उत्तर दिशा में रहना चाहिए।

ओल्ड कपल को पूर्व दिशा में रहना चाहिए, जिससे उन्हें शांति और आराम मिल सके। गेस्ट रूम को उत्तर-पश्चिम दिशा में बनाना चाहिए। इससे गेस्ट को आराम मिलेगा। सोने वक्त सिर को दक्षिण दिशा में रखें। लेकिन अगर ऐसा संभव न हो सके तो आप पूर्व दिशा में भी सिर रख सकते हैं।

किचन- इस बात का ध्यान रखें कि घर में किचन दक्षिण-पूर्व दिशा में होनी चाहिए, क्योंकि इस जोन को अग्नि जोन कहा जाता है। और खाद्य पदार्थों को पीसने वाली क्रिया दक्षिण-पूर्व दिशा में करें, इसलिए मिक्सर ग्लेंडर इसी दिशा में रखें।

अगर इस दिशा में किचन रखना संभव नहीं हो पा रहा है तो उत्तर-पश्चिम या पश्चिम या दक्षिण दिशा को चुन सकते हैं लेकिन उत्तर-पूर्व, पूर्व या दक्षिण जोन को किचन के लिए नहीं चुना जाना चाहिए।

मैं कभी भी किचन को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखने की सलाह नहीं दूंगी क्योंकि इससे संबंधों में तनाव आता है। किचन में बेसीन उत्तर दिशा में और रेफ्रिजरेटर उत्तर-पश्चिम दिशा में होना चाहिए।

सभी बड़े बरतन और सामान दक्षिण-पश्चिम जोन में होना चाहिए। ऑफिस पैन्ट्री दक्षिण-पूर्व जोन में होना चाहिए।

बाथरूम- नहाने का क्षेत्र पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए, ध्यान रखें इस दिशा में टॉइलट नहीं हो। टॉयलट के लिए सही जोन उत्तर या उत्तर-पश्चिम या पश्चिम है। बाथरूम को काफी फैंसी नहीं बनाना चाहिए। यह साधारण और साफ-सुथरा रहे तो अच्छा है।

पूजा घर- उत्तर-पूर्व को मानसिक शुद्धता का जोन कहा जाता है। इसे साफ-सुथरा रखा जाना चाहिए। इस जोन में भगवान की पूजा, ध्यान और योग करें तो अच्छा है। मंदिर और योग रूम बनाने के लिए यह सबसे सही जोन है।

# चली गई नौकरी, ये चीजें करना न भूलें

अपने करियर में एक प्रोफेशनल के लिए सबसे कठिन समय रहता है जब उसकी नौकरी चली जाए, विशेष रूप से तब जब उसे इस बात की आशा नहीं थी। लेकिन किसी भी कारणवश अगर ऐसा होता है तो आपको कुछ चीजें आवश्यक रूप से करना चाहिए:

- आपको सबसे पहले अपने इमोशंस पर ध्यान देना होगा। पहले इस बात को समझें कि किस तरह की भावनाएं आपके जेहन में आ रही है। इसके बाद आप यह पता करें कि इन भावनाओं के साथ क्या किया जाना चाहिए और इसे प्रोडक्टिव तरीके से रिस्पॉन्ड करें। अगर आपने अपनी भावनाओं को समझते हुए इसे नियंत्रित नहीं किया तो यह आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।

- आठ घंटे की नींद लें, जल्दी उठें, एक्सरसाइज करें, शॉवर लें, अच्छे से तैयार हो जाएं, घर से बाहर निकले आपको ऐसे कठिन समय में भी चीजों को सामान्य रखना जरूरी है। खुद को व्यस्त और सक्रिय रखें। आप घर में बैठकर केवल रोते नहीं रह सकते।

- अपने गुस्से को शांत करें। हो सकता है आपको अपनी पुरानी नौकरी में साथ काम करने वालों को लेकर आक्रोश हो। उन्होंने आपके साथ गलत किया हो। लेकिन याद रखें कि वे भी केवल सरवाइव करने की कोशिश कर रहे है। अपने पुराने बॉस और सहकर्मियों की अच्छी क्वॉलिटीज की सूची बनाइए। इससे आपको पुरानी बातों से निकलने में आसानी होगी।

- जिन लोगों से आप सालों से नहीं मिले हो, उनसे मिलने की योजना बनाइए। इससे आपका नेटवर्क भी बनेगा और उन्हें पता रहेगा कि आप नए जॉब की तलाश कर रहे हैं।

- जब भी नौकरी हाथ से जाती है तो कहीं न कहीं आपके आत्मविश्वास का डगमगाना नैचुरल है। लेकिन यह बात जरा न भूलें कि जब आप काम कर रहे थे तो आपने अच्छा काम किया और कंपनी की ग्रोथ में योगदान दिया। अपनी मुख्य उपलब्धियों की सूची बनाइए जो कि आगे आपको मार्केट कर सके।

**ज्योग्राफी में है रुचि, तो आपके लिए यह करियर रहेगा परफेक्ट**

- आप निकाले गए हैं या आपने एकदम नौकरी छोड़ने का फैसला किया है तो आपके लिए यह आर्थिक रूप से भी बड़ी परेशानी खड़ी करता है। एक दिन निकाले और अपना नया बजट तैयार करें। आपको अभी नहीं पता होगा कि कब आपकी दूसरी नौकरी लगेगी और कब स्थायी आय शुरु होगी। आपको अपने खर्चे को लेकर सजग रहना होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी: अहम मैच से पहले कैप्टन कोहली ने युवी के लिए दिया बड़ा बयान



नई दिल्ली: रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने करो या मरो मुकाबले से पहले विराट कोहली ने बड़ा बयान दिया है. कोहली ने कहा कि परिस्थिति को देखते हुए टीम में बड़ बदलाव किया जाएगा. कोहली ने युवराज सिंह को लेकर भी बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि मैं युवराज के लिए व्यक्तिगत रूप से कह सकता हूं कि वह बहुत बड़े फाइटर हैं. कोहली ने कहा कि युवराज ने भारत के लिए बहुत कुछ दिया है. जब-जब जरूरत पड़ी है युवराज ने खुद को प्रूफ किया है. आज मैच से पहले प्रेस से बातचीत में कोहली ने टीम को लेकर कहा है कि टीम अच्छी फॉर्म में है.

आपको बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को होने वाला मैच कप्तान कोहली के लिये अग्निपरीक्षा जैसा है, पहला मैच पाकिस्तान से जीतने के बाद श्रीलंका से मिली करारी हार ने टीम का मनोबल कहीं ना कहीं तोड़ा है. अब टीम को रविवार को होने वाले में मैच में किसी भी कीमत पर दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा. यहां कप्तान कोहली को यह सुनिश्चित करना होगा कि दबाव के आगे घुटने टेकने वाली दक्षिण अफ्रीका एक बार फिर 'चोकर्स' साबित हो . भारत यदि हारता है तो टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगा और अगर दक्षिण अफ्रीका हारती है तो दुनिया की नंबर एक टीम अंतिम चार में नहीं पहुंच सकेगी .

कोहली-डिविलियर्स की परीक्षा : मैदान के बाहर के विवादों के बीच कोहली के लिये इस मैच में गलती की कोई गुंजाइश नहीं है. वहीं एबी डिविलियर्स को साबित करना होगा कि टेस्ट क्रिकेट से बाहर रहने के उनके फैसले का सीमित ओवरों में उनके कौशल पर कोई असर नहीं पड़ा है. दक्षिण अफ्रीका के पास क्विंटोन डिकाक, जेपी डुमिनी और डेविड मिलर जैसे तीन खब्बू बल्लेबाज है लिहाजा अंतिम एकादश में आफ स्पिनर आर अश्विन को उतारा जा सकता है. रविंद्र जडेजा चूंकि पिछले मैच में बिल्कुल नहीं चल सके थे. अश्विन के पास स्वाभाविक विविधता है और पिछले दो मैचों से बाहर रहने के बाद वह अच्छे प्रदर्शन को लालायित होंगे .

**प्लेइंग इलेवन पर रहेगी नजरें :** अगले मैच के लिये अंतिम एकादश चुनते समय कप्तान कोहली के कप्तानी कौशल और हालात की उनकी समझ की असल परख होगी. अश्विन का अंतिम एकादश में चुना जाना तर्कसंगत लगता है लेकिन वह जडेजा की जगह नहीं लेंगे क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोनों स्पिनर खेल सकते हैं. जडेजा सर्कल के भीतर बेहतरीन फील्डर हैं और सीमारेखा के पास से उनके थ्रो बेहद सटीक होते हैं. वह प्रत्येक मैच में 10-15 रन बचाते हैं जिससे वह काफी उपयोगी खिलाड़ी साबित होते हैं .

तेज गेंदबाजी आक्रमण में भी प्लेइंग इलेवन है चुनौती भारतीय तेज गेंदबाजी की बात करें तो हार्दिक पांड्या को भी बाहर नहीं किया जा सकता क्योंकि सातवें नंबर पर उनके जैसे आक्रामक बल्लेबाज की जरूरत है. जसप्रीत बुमरा डैथ ओवरों में अच्छे यार्कर डालते हैं. इसके मायने हैं कि अश्विन के लिये उमेश यादव या भुवनेश्वर कुमार में से एक को बाहर रहना होगा. श्रीलंका के खिलाफ मैच में दूसरे पावरप्ले के दौरान भारत ने 200 से अधिक रन दिये लिहाजा अश्विन को अगले मैच में रनगति पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी निभानी होगी.

भारतीय बल्लेबाजों की फॉर्म दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की परेशानी भारतीय शीषर्क्रम के सभी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है. रोहित शर्मा और शिखर धवन की जोड़ी फार्म में है. सभी बल्लेबाजों ने एक ना एक अच्छी पारी खेली है. कोहली इस मैच में बतौर बल्लेबाज भी मोर्चे से अगुवाई करना चाहेंगे. मोर्नी मोर्कल, क्रिस मौरिस और इमरान ताहिर जैसे गेंदबाजों के सामने अच्छा प्रदर्शन करना चुनौतीपूर्ण होगा.

## बारिश ने रोका खेल, इंग्लैंड का स्कोर 6 ओवर में 35/3

लंदन। एजबेस्टन के मैदान पर आज चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें आमने सामने हैं.ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 278 रन का टारगेट दिया. जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम ने 6 ओवर में 3 विकेट गंवा कर 35 रन बना लिए हैं. बेन स्टोक्स (0) और इयोन मॉर्गन (14) क्रीज पर हैं. इंग्लैंड के विकेट्स : इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और केवल 6 रन के स्कोर पर उसके दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए. इंग्लैंड का पहला विकेट पहले ही ओवर की दूसरी बॉल पर गिर गया, जब मिशेल स्टार्क ने जेसन रॉय (4) को एलबीडब्लू कर दिया. एक ओवर बाद ही 6 रन के स्कोर पर दूसरा झटका भी लग गया. जब 1.2 ओवर में जोश हेजलवुड की बॉल पर एरोन फिंच ने एलेक्स हेल्स (0) को कैच कर लिया.तीसरा विकेट जो रूट (15) का रहा, जिन्हें 5.4 ओवर में हेजलवुड की बॉल पर मैथ्यू वेड ने कैच कर लिया. ऑस्ट्रेलिया की पारी : इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट गंवा कर 277 रन बनाए और इंग्लैंड की टीम को जीत के लिए 278 का टारगेट दिया. ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 71 रन बनाए जबकि एरोन फिंच ने 68 रन की पारी खेली. इंग्लैंड की तरफ से मार्क वुड और आदिल राशिद ने 4-4 विकेट झटके. वहीं बेन स्टोक्स को भी 1 विकेट मिला.

ऑस्ट्रेलिया के विकेट्स : ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 7.2 ओवर में 40 के स्कोर पर उसका पहला विकेट गिर गया.मार्क वुड की बॉल पर डेविड वॉर्नर (21) को जोस बटलर ने कैच कर लिया. 22.5 ओवर में 136 के स्कोर पर एरोन फिंच (68 रन) को बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया. इयोन मॉर्गन ने वह कैच लपका. ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका आदिल राशिद ने दिया।

## धोनी की जीवा बनी 'सुपरस्टार', फ्लाइट में कुछ ऐसा हुआ



**नई दिल्ली। इन दिनों टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड में है. ऐसे में कुछ खिलाड़ियों के परिवार उनके साथ इंग्लैंड में है तो कुछ उनसे दूर. लेकिन सोशल मीडिया पर टीम इंडिया के खिलाड़ी और उनके परिवार एक्टिव रहते हैं और अपने बेस्ट मूमेंट्स से अपने फैंस को खुश करते रहते हैं. टीम इंडिया के खिलाड़ी तो सेलिब्रिटी हैं ही, अब उनके बच्चे भी सेलिब्रिटी किड्स बनते जा रहे हैं. ऐसी ही एक स्टार किड हैं महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा. धोनी की पत्नी साक्षी धोनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं, जो अपनी बेटी की शरारतों को कैमरे में कैद करके अक्सर शेयर करती रहती हैं. धोनी की बेटी जीवा का नाम तो उनका हर फैन जानता है, जो अपने पिता से ज्यादा सोशल छाई रहती है. हाल ही जीवा फिर से सुर्खियों में है. दरअसलस, हाल ही में उनका एक फ्लाइट में स्पेशल वेलकम भी हुआ. जीवा मां साक्षी के साथ एक फ्लाइट से ट्रेवल कर रही थीं, जहां जीवा का फ्लाइट क्रू ने स्पेशल वेलकम किया.**




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक : पराग वराडपांडे द्वारा महर्षि प्रिंटर्स प्रा.लि. प्लाट नं. 23-24 पर्मिला भवन, इन्द्रा प्रेस काम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल - म. प्र से मुद्रित कराकर, प्लाट नं. -12, सेक्टर-ए, परस्पर सोसायटी चूनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित। सम्पादक: पराग वराडपांडे, मो. 9826051505, आर.एन.आई. नं. **MPHIN/2015/66655, editor@trikaldrishti.com** (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)